K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

TERM - I (2022-23)

GRADE: IV **MARKS: 40**

SUB: HINDI **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) निबंध और पत्रलेखन में से कोई एक प्रश्न लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

जीवन जीने के लिए सबसे जरूरी है- पानी। इसलिए जब वैज्ञानिक दूसरे ग्रह पर जाकर यह देखते हैं कि वहाँ पर जीवन जिया जा सकता है या नहीं, तो वे सबसे पहले वहाँ पानी की ही खोज करते हैं। हम अलग-अलग तरीकों से इतना पानी बर्बाद करते हैं कि धीरे-धीरे अब पानी की कमी होती जा रही है। तो क्या ऐसा दिन भी आएगा जब हम पेट्रोल और डीजल की तरह महँगे दामों पर पानी खरीदेंगे? नहीं! अगर हम इसके लिए अभी से मिलकर कोशिश करें, तो यह परिस्थिति बेहतर हो सकती है। इसके लिए ऐसा क्या करें?

अ) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (२ अंक)

१) धीरे-धीरे अब पानी की कमी होती जा रही है।

२) वैज्ञानिक दूसरे ग्रह पर जाकर सबसे पहले पेट्रोल की खोज करते हैं।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (२ अंक)

१) जीवन जीने के लिए सबसे जरूरी क्या है?

२) मिलकर कोशिश करने पर परिस्थिति कैसे हो सकती है?

इ) मेरी राय (स्वअध्ययन पर प्रश्न) (२ अंक)

१) यह क्यों कहा जाता है कि जल ही जीवन है?

प्रश्न २) अ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (४ अंक)

१) सागर = २) अंतरिक्ष =

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। (४ अंक)

१) बबलू को क्या-क्या करना है?

२) हमें पानी की बचत क्यों और कैसे करनी चाहिए?

इ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। (५ अंक)

१) आसमान के तारे कैसे लगते हैं?

२) पृथ्वी का कितना हिस्सा पानी में डूबा है?

३) आज जल है तो कल क्या है?

४) बबलू को उड़नखटोला से किसकी सैर करनी है?

५) बबलू किसके साथ बात कर रहा है?

प्रश्न ३) निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

प्राचीन काल में जनक महाराज विदेह में राज्य करते थे। मिथिला विदेह की राजधानी थी | मिथिला नगरी में राजमहल के आस-पास कोई एक हजार संन्यासियों की पर्णकुटियाँ थी| मिथिला के सिंहासन पर बैठने पर भी महाराज जनक को फकीरी का शौक था। कहा जाता है कि महाराज जनक ज्ञानी थे| वे इस तरह से राज्य को चलाते थे, मानो स्वयं परमात्मा के विनयशील सेवक है| सुबह से सायं तक सारे राज्य का प्रबंध करते, शत्रुओं का पता करते, अपराधी को दण्ड देते, लोक-कल्याण के उपाय करते और इतना सब कुछ करने पर भी वे किसी सांसारिक कार्य में लिप्त नहीं होते थे| इसलिए लोग उनको विदेह जनक कहते थे।

अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। (२ अंक)

१) मिथिला विदेह की ________ थी।

२) महाराज जनक _______ थे।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही पर्याय चुनकर लिखिए। (२ अंक)

१) महाराज जनक को किसका शौक था?

I) घुमने का II) फकीरी का III) बैठने का

२) महाराज जनक स्वयं किनके विनयशील सेवक थे?

I) परमात्मा के II) बच्चों के III) जनता के

इ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (२ अंक)

१) प्राचीन काल में जनक महाराज कहाँ पर राज्य करते थे?

२) मिथिला नगरी में राजमहल के आस-पास कितनी और किसकी पर्णकुटियाँ थी?

प्रश्न ४) अ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (२ अंक)

१) बुद्धिमान × २) खुशी ×

आ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो। (२ अंक)

१) पत्ता - २) लकड़ी -

इ) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए। (२ अंक)

१) **शेर** पानी पी रहा है।

२) **मालिन** पेड़ को पानी दे रही है।

ई) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द खोजकर लिखिए। (२ अंक)

१) बचपन की बातें मुझे आज भी याद हैं।

२) कश्मीर बहुत सुंदर है।

उ) कोष्ठक से उचित संज्ञा शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए। (२ अंक)

(कक्षा, नेहा, सफलता)

१) ______ बहुत अच्छी खिलाड़ी है।

२) ______ में बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

प्रश्न५) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लेखन लिखिए। (५ अंक)

१) वृक्ष - हमारे मित्र २) बगीचे की सैर

अथवा

प्रश्न५) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्रलेखन कीजिए। (५ अंक)

१) नए विद्यालय में बने नए मित्रों के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

२) अपने मित्र को विद्यालय में मनाए गए “हिंदी दिवस” का वर्णन करते हुए पत्र लिखिए।